हिमाचल प्रदेश तेरहवीं विधान सभा

(तृतीय सत्र)

मौखिक उत्तर हेतु प्रश्न

वीरवार, 23 अगस्त, 2018/1 भाद्रपद, 1940 (शक्)

[मुख्य मन्त्री - सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मन्त्री - खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मन्त्री - शिक्षा मन्त्री - बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री - शहरी विकास मन्त्री - कृषि मन्त्री - स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मन्त्री - ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री - उद्योग मन्त्री - वन मन्त्री तथा सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मन्त्री].

कुल प्रश्न - 48

पुल निर्माण

***543 श्री सुख राम (पांवटा साहिब):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि पांवटा साहिब विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत विकासनगर-भीमखली-भंगाणी साहिब में यमुना नदी पर उत्तराखण्ड एवं हिमाचल प्रदेश को जोड़ने के लिये पुल प्रस्तावित है; और

(ख) यदि हां, तो उसकी अद्यतन स्थिति क्या है?

एंटी हेलगन

***544 श्री अनिरूद्ध सिंह (कसुम्पटी):**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) गत तीन वर्षों में केन्द्र सरकार द्वारा दिनांक 31-7-2018 तक कितनी धनराशि एंटी हेलगन को खरीद करने हेतु प्रदान की गई; और

(ख) सरकार द्वारा इनको कहाँ-कहाँ पर स्थापित किया गया तथा कितनी धनराशि व्यय की गई; ब्यौरा दें?

सौर ऊर्जा बाड़ बन्दी

***545 श्री रमेश चंद ध्वाला (ज्वालामुखी):**

क्या **कृषि मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) कृषि विभाग द्वारा सौर ऊर्जा बाड़ बन्दी योजना के अन्तर्गत कितनी धनराशि स्वीकृत है और जिलावार कितने किसानों को इस योजना का लाभ मिला; ब्यौरा नाम सहित दें;

(ख) बाड़ बन्दी करने पर Per Running Meter कितना व्यय आता है तथा विभाग द्वारा इसकी धरातल पर उपयोगिता की जांच की गई है; और

(ग) सौर ऊर्जा बाड़ बन्दी के बदले विभाग द्वारा Framed G.I. Wire Net Panel लगाने का कोई मूल्यांकन किया गया है; यदि हां, तो दोनों के मूल्य में कितना अंतर है; विवरण दें?

Shamti Bye Pass

***546 Dr.(Col.) Dhani Ram Shandil (Solan):**

Will the **Chief Minister** be pleased to state what is the time frame for completion of Shamti Bye Pass on Rajgarh-Solan Road?

Cancer Hospital Shimla

***547 Sh. Rakesh Pathania (Nurpur):**

Will the **Health and Family Welfare Minister** be pleased to state :-

(a) what is the status of Linear Accelerator at Tanda Medical College and I.G.M.C. Shimla;

(b) is Positron Emission Tomography (P.E.T.) scanning taking place in Himachal; and

(c) what is the number of beds in Cancer Hospital Shimla?

शिमला जिला में पर्यटन विकास

***548 श्री नरेन्द्र बरागटा (जुब्बल-कोटखाई):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) ज़िला शिमला को पर्यटन की दृष्टि से विकसित करने हेतु सरकार क्या पग उठा रही है; और

(ख) जुब्बल-कोटखाई निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत खड़ा पत्थर, गिरि गंगा एवं अन्य क्षेत्रों को विकसित करने हेतु सरकार क्या-क्या पग उठा रही है?

सीर खड्ड तटीयकरण

***549 श्री इन्द्र सिंह (सरकाघाट):**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) बरच्छवाड़ से जाहू तक सीर खड्ड के तटीयकरण की अद्यतन स्थिति क्या है; और

(ख) इसकी अनुमानित लागत कितनी है तथा यह कार्य कब तक पूर्ण हो जाएगा; ब्यौरा दें?

स्वाहण-कटिरड़-पंगवाणा सड़क

***550 श्री राम लाल ठाकुर (श्री नैना देवीजी):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) स्वाहण-कटिरड़-पंगवाणा सड़क की प्रशासनिक स्वीकृति व वित्तीय अनुमोदन कब प्रदान किया गया तथा इसका कार्य कब शुरू किया गया; और

(ख) किस ठेकेदार को कार्य आवंटित किया गया, कितनी धनराशि की अदायगी की गई; सड़क निर्माण की अद्यतन स्थिति क्या है?

बी0बी0एम0बी0

***551 श्री राकेश कुमार (सुन्दरनगर):**

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि बी०बी०एम०बी० के पास जिला मण्डी में सरप्लस (Surplus) जमीन है; यदि हां, तो कितनी और सरकार ने इसे वापिस लेने (reclaim) के लिए क्या पग उठाए हैं; ब्यौरा दें?

डॉक्टर राजेन्द्र प्रसाद मेडिकल कॉलेज टांडा

*552 **श्री अरुण कुमार (नगरोटा)ः**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) डॉक्टर राजेन्द्र प्रसाद टांडा मेडिकल कॉलेज में सुपरस्पैशलिटी के कौन-कौन से विभाग ऑपरेशनल हैं; और

(ख) क्या इन विभागों में पैरा-मेडिकल स्टाफ पर्याप्त संख्या में तैनात है; यदि नहीं, तो सरकार कब तक पदों को भरने का विचार रखती है?

माता चिन्तपुरनी मन्दिर सौंदर्यीकरण

*553 **श्री बलबीर सिंह (चिन्तपुरनी)ः**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) माता चिन्तपुरनी मन्दिर परिसर के सौंदर्यीकरण हेतु पर्यटन विभाग द्वारा कितनी धनराशि स्वीकृत की गई है; और

(ख) यदि हां, तो कार्य कब तक शुरू कर दिया जायेगा?

बाढ़ प्रभावितों को मालिकाना हक

*554 **श्री जगत सिंह नेगी (किन्नौर)ः**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) यह सत्य है कि वर्ष 1988 में जिला किन्नौर के सोल्डिंग गांव में बाढ़ से भारी तबाही हुई थी व इन ग्रामवासियों को नए स्थान विकासनगर में बसाया गया था; और

(ख) यदि हां, तो विकासनगर में बसाए गए प्रभावितों को वहां का मालिकाना हक नहीं देने के क्या कारण हैं व कब तक मालिकाना हक प्रदान कर दिया जाएगा; ब्यौरा दें?

बद्दी-बरोटीवाला-नालागढ़ विकास प्राधिकरण

*555 **श्री लखविन्द्र सिंह राणा (नालागढ़)ः**

क्या **उद्योग मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) यह सत्य है कि बद्दी-बरोटीवाला-नालागढ़ विकास प्राधिकरण में सहायक नगर योजनाकार का पद रिक्त है; यदि हां, तो इसे कब तक भरा जाएगा; और

(ख) सरकार जनहित में मुख्य कार्यकारी अधिकारी को सप्ताह में दो दिन कार्य करने हेतु नालागढ़ में बैठने के आदेश जारी करने का विचार रखती है?

गृह जिला और साथ लगते क्षेत्र में नियुक्तियां

***556 श्री इन्द्र दत्त लखनपाल (बड़सर):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) जिला हमीरपुर में विभिन्न प्रशासकीय कार्यालयों में ऐसे कितने कर्मचारी कार्यरत हैं जिनके ऊपर नियुक्ति हेतु गृह जिला और साथ लगते क्षेत्र की शर्त लागू होती है; और

(ख) यदि हां, तो प्रदेश सरकार ऐसे कर्मचारियों को कब तक स्थानान्तरित करेगी?

नागरिक अस्पताल गोहर में रिक्तियां

***557 श्री विनोद कुमार (नाचन):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) नाचन विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत नागरिक अस्पताल गोहर में डॉक्टरों, स्टाफ नर्स और अन्य कर्मचारियों के कितने पद सृजित हैं, ब्यौरा दें; और

(ख) कितने पद डॉक्टरों, स्टाफ नर्स व अन्य कर्मचारियों के रिक्त हैं तथा इनको भरने हेतु सरकार क्या पग उठा रही है?

RUSA

***558 Sh. Harshwardhan Chauhan (Shillai):**

Will the **Education Minister** be pleased to state :-

(a) what changes have been made under RUSA by the Education Department; details be given; and

(b) during the last 3 years, how much funds have been recieved by the State Government under RUSA from UGC/Government of India ?

स्टाफ की रिक्तियां

***559 श्री प्रकाश राणा (जोगिन्द्रनगर):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि नागरिक अस्पताल

जोगिन्द्रनगर और लड़भड़ोल में डॉक्टरों/पैरा-मैडीकल स्टाफ के कितने-कितने पद स्वीकृत हैं; उनमें से श्रेणीवार कितने रिक्त हैं; रिक्त पदों को भरने हेतु सरकार क्या पग उठा रही है?

हैण्डपम्प

*560 **श्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खु (नदौन):**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) नदौन विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत दिनांक 01 जनवरी, 2018 से 15 जून, 2018 तक कितने हैण्डपम्प स्थापित किए गए; पंचायतवार ब्यौरा दें; और

(ख) सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य उप-मण्डल नदौन के अन्तर्गत गलोड़, धनेटा ग्राम पंचायतों में कितने हैण्डपम्प स्थापित किए गए; ब्यौरा दें ?

सड़कों का निर्माण

*561 **श्री किशोरी लाल (आनी):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) आनी विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में 01 जनवरी, 2018 से 31 जुलाई, 2018 तक कितनी सड़कों का कार्य लोक निर्माण विभाग द्वारा किन-किन योजनाओं के अन्तर्गत आरम्भ हुआ; योजनावार व सड़कवार ब्यौरा दें; और

(ख) पी0एम0जी0एस0वाई0 के अन्तर्गत कौन-कौन सी सड़कों को पक्का किया गया तथा किन-किन को पक्का करने का प्रस्ताव है; ब्यौरा दें?

भवन निर्माण

*562 **श्री बलबीर सिंह वर्मा (चौपाल):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि चौपाल विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत कितने आयुर्वेदिक संस्थानों में भवन निर्माण का कार्य चल रहा है, कितनी धनराशि स्वीकृत है और कितनी व्यय की जा चुकी है; संस्थानवार ब्यौरा दें?

नागरिक अस्पताल रोहड़ू में रिक्तियां

*563 **श्री मोहन लाल ब्राक्टा (रोहड़ू):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) दिनांक 01 जनवरी, 2018 से 31 जुलाई, 2018 तक नागरिक अस्पताल रोहड़ू से कितने चिकित्सकों का स्थानान्तरण हुआ है; ब्यौरा दें;

(ख) इस अस्पताल में कितने चिकित्सक / विशेषज्ञ चिकित्सक तैनात है तथा कितनी रिक्तियां हैं, इनको भरने हेतु सरकार क्या पग उठा रही है; ब्यौरा दें; और

(ग) इस नागरिक अस्पताल में औसतन प्रतिदिन कितने रोगियों (OPD/IPD) का पंजीकरण होता है?

चम्बा सीमेंट प्लांट

*564 **श्रीमती आशा कुमारी(डलहौजी) :**
श्री राजेन्द्र राणा(सुजानपुर) :
श्री मुकेश अग्निहोत्री(हरोली) :

क्या **उद्योग मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) क्या चम्बा के प्रस्तावित सीमेंट प्लांट के लिए नीलामी की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है;

(ख) यह सीमेंट प्लांट किस कंपनी को आबंटित किया है; कंपनी के साथ करार की प्रति सभा पटल पर रखें;

(ग) क्या कंपनी ने वन एवं पर्यावरण की तमाम प्रक्रियाएं पूरी कर ली है; इसके अधीन कितनी वन भूमि आई है; ज़मीन के अधिग्रहण से जुड़ी तमाम औपचारिकताएं पूरी हो गई हैं; और

(घ) चम्बा सीमेंट प्लांट में दोहन के लिए कितना खनिज संसाधन पाया गया है?

Relief to Deceased

*565 **Sh. Rakesh Singha (Theog):**

Will the **MPP & Power Minister** be pleased to state :-

(a) is it a fact that HPSEBL Employee was electrocuted while repairing the Matyana Mahoori HT line under HPSEBL Division Theog on 01.12.2014; and

(b) if yes, whether any relief has been given?

ददाहु महाविद्यालय

*566 **श्री विनय कुमार (श्री रेणुकाजी):**

क्या **शिक्षा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सत्य है कि राजकीय महाविद्यालय ददाहु में कक्षाएं आरम्भ कर दी गई हैं;

(ख) यदि हां, तो इस शैक्षणिक सत्र में कितने छात्रों ने दाखिला लिया है; और

(ग) इस महाविद्यालय में स्टाफ की नियुक्ति स्थाई तौर पर कब तक कर दी जाएगी?

MGMSC Khaneri (Rampur)

*567 **Sh. Nand Lal (Rampur):**

Will the **Health and Family Welfare Minister** be pleased to state :-

(a) during the last 6 months how many doctors have been transfered and joined in MGMSC Khaneri (Rampur), details thereof;

(b) as on 31 July, 2018 how many Doctors were posted at MGMSC Khaneri (Rampur) details be given; and

(c) as on 31 July, 2018 how many CHC/PHC's are without Doctors in Rampur Assembly Constituency; details be given ?

गिरि गोंदपुर सब-स्टेशन से बिजली आपूर्ति

*568 **श्री सुख राम (पांवटा साहिब):**

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि पांवटा व शिलाई विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों के लिए 132 KV गिरि गोंदपुर सब-स्टेशन से बिजली आपूर्ति की जाती है;

(ख) इस सब-स्टेशन की आपूर्ति जब किसी कारणवश बाधित हो जाती है तो क्या इसके लिए कोई वैकल्पिक व्यवस्था है; और

(ग) यदि नहीं, तो क्या सरकार इन दोनों निर्वाचन क्षेत्रों हेतु बिजली आपूर्ति की वैकल्पिक व्यवस्था करने का विचार रखती है?

सामाजिक सुरक्षा पेंशन

***569 श्री अनिरूद्ध सिंह (कसुम्पटी):**

क्या **सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि दिनांक 31-7-2018 तक कसुम्पटी विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत सामाजिक सुरक्षा पेंशन के कितने मामले लम्बित हैं; ब्यौरा दें?

पाठशालाओं को बन्द करना

***570 श्री रमेश चंद ध्वाला (ज्वालामुखी):**

क्या **शिक्षा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) प्रदेश में कितनी प्राथमिक एवं माध्यमिक पाठशालाएं हैं जिनमें 20 से कम विद्यार्थी शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं; ब्यौरा जिलावार दें;

(ख) क्या यह सत्य है कि कम विद्यार्थियों की संख्या वाली पाठशालाओं को बन्द व club करने की सरकार द्वारा योजना तैयार की गई है; और

(ग) यदि हां, तो बन्द व club की गई पाठशालाओं के surplus अध्यापकों के बारे में क्या नीति अपनाई गई है?

Construction of Roads

***571 Dr.(Col.) Dhani Ram Shandil (Solan):**

Will the **Chief Minister** be pleased to state :-

(a) what steps have been taken by the Governemnt to connect Gram Panchayat Banjani with busable road;

(b) whether the Government has provided any funds for the construction of Kyari-Khinna road in the financial year 2018-19 under MLA priority;

(c) if yes, what is the present status of funds which have been alloted; and

(d) what is the time frame to complete this project?

Waste Disposal Plant

***572 Sh. Rakesh Pathania (Nurpur):**

Will the **Urban Development Minister** be pleased to state :-

(a) what steps are being taken by the Government to install a Waste Disposal Plant at Nurpur; and

(b) by when this plant will be installed; details be given?

कोटखाई बस अड्डा निर्माण

***573 श्री नरेन्द्र बरागटा (जुब्बल-कोटखाई):**

क्या **वन मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि कोटखाई बस अड्डे के निर्माण कार्य की अद्यतन स्थिति क्या है और इसका कार्य कब तक पूर्ण कर लिया जाएगा?

Construction of Car Parking

***574 Sh. Inder Singh (Sarkaghat):**

Will the **Urban Development Minister** be pleased to state what is the latest position of construction of car parking at Sarkaghat; total funds available and expenditure incurred upto 31.07.2018 be given and by when it will be completed?

श्री नैना देवीजी शक्तिपीठ पुलिस चैक पोस्ट

***575 श्री राम लाल ठाकुर (श्री नैना देवीजी):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क)श्री नैना देवीजी शक्तिपीठ को जाने वाली सड़क पर पुलिस चैक पोस्ट में कितना स्टाफ तैनात है, क्या तैनात पुलिस के जवानों के पास आधुनिक हथियार व गाड़ियां हैं;और

(ख) क्या सरकार इन चैक पोस्टों पर नफरी बढ़ाने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक; यदि नहीं, तो कारण?

प्रशासनिक न्यायाधिकरण

*576 **श्री राकेश कुमार (सुन्दरनगर):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि प्रशासनिक न्यायाधिकरण का गठन कब हुआ तथा 1 जनवरी, 2018 से 31 जुलाई, 2018 तक कुल कितने मामले इस न्यायाधिकरण द्वारा निपटाये गए हैं; कितने लम्बित हैं और कितनों में अभ्यावेदन (Representation) भेजा गया है; ब्यौरा दें?

बस अड्डा निर्माण

*577 **श्री अरुण कुमार (नगरोटा):**

क्या **वन मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि हिमाचल प्रदेश में पूर्व सरकार ने कितने बस अड्डे BSMDA द्वारा निर्मित किये हैं; उनके निर्माण में क्या एग्रीमेंट किये गए; ब्यौरा दें?

जल संग्रहण हेतु विस्तृत परियोजना रिर्पोट (डी0पी0आर0)

*578 **श्री बलबीर सिंह (चिन्तपुरनी):**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) प्रदेश में वर्षा जल संग्रहण हेतु डी0पी0आर0 तैयार की गई हैं; यदि हां, तो कुल कितनी धनराशि की डी0पी0आर0 बनी है; और

(ख) चिन्तपुरनी विधान सभा क्षेत्र में जल संग्रहण कार्य हेतु सरकार की क्या योजना है?

यूथ हॉस्टल कल्पा

*579 **श्री जगत सिंह नेगी (किन्नौर):**

क्या **वन मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि जिला किन्नौर के कल्पा में निर्माणाधीन यूथ हॉस्टल की अद्यतन स्थिति क्या है; ब्यौरा दें ?

श्रमिक कल्याण कामगार बोर्ड

*580 **श्री लखविन्द्र सिंह राणा (नालागढ़):**

क्या **उद्योग मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गत तीन वर्षों में प्रदेश में कामगार बोर्ड द्वारा जो सामान कामगारों को बांटा गया है; क्या विभाग द्वारा कामगारों को सामान बांटने के लिए सभी औपचारिकताएं पूर्ण की गई हैं;

(ख) नालागढ़ विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में कामगार बोर्ड द्वारा जो सामान बांटा गया है उसका ब्यौरा कामगारों के नाम व पते सहित दें; और

(ग) कामगार बोर्ड में जो अनियमितताएं हुई हैं क्या सरकार उनकी जांच करवाने का विचार रखती है?

अग्निशमन केन्द्र

*581 **श्री विनोद कुमार (नाचन):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि सरकार नाचन विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के गोहर उप-मण्डल में अग्निशमन केन्द्र खोलने का विचार रखती है?

Vacancies in Schools

*582 **Sh. Harshwardhan Chauhan (Shillai):**

Will the **Education Minister** be pleased to state :-

(a) how many posts of Lecturers/TGTs/C&Vs are lying vacant in various Senior Secondary/High/Middle Schools in Shillai Constituency, details be given; and

(b) what steps are being taken by the Government to fill up the vacancies?

ग्रेडिंग-पैकिंग स्टोर

*583 **श्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खु (नदौन):**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) नदौन विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत सेरा में ग्रेडिंग-पैकिंग स्टोर के निर्माण की अद्यतन स्थिति क्या है; और

(ख) इस स्टोर तक बनने वाली सड़क की अद्यतन स्थिति क्या है?

पेयजल / सिंचाई योजनाएं

*584 **श्री बलबीर सिंह वर्मा (चौपाल):**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) चौपाल विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत कितनी उठाऊ पेयजल व सिंचाई

योजनाएं अधूरी हैं; इनको पूर्ण करने हेतु कितनी धनराशि स्वीकृत है और कितनी व्यय की गई है; इन योजनाओं को कब तक पूर्ण किया जाएगा ब्यौरा दें; और

(ख) सिंचाई एवं जन-स्वास्थ्य मण्डल, नेरवा के अन्तर्गत कितने पद स्वीकृत हैं तथा कितने रिक्त हैं, इनको भरने हेतु सरकार क्या पग उठा रही है; ब्यौरा दें?

अध्यापकों का स्थानान्तरण

*585 **श्री मोहन लाल ब्राक्टा (रोहड़ू):**

क्या **शिक्षा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) दिनांक 01 जनवरी, 2018 से 31 जुलाई, 2018 तक रोहड़ू विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत कितने अध्यापकों का स्थानान्तरण किया गया; ब्यौरा दें;

(ख) इस अवधि में कितने अध्यापकों के पद रिक्त हैं; ब्यौरा दें; और

(ग) सरकार द्वारा कितनी पाठशालाओं को बन्द करने का निर्णय लिया गया है; ब्यौरा दें?

----

48 Megawatt Hydel Project

*586 **Smt. Asha Kumari (Dalhousie):**

Will the **MPP & Power Minister** be pleased to state what is the latest position of the 48 Megawatt Hydel Electric Power Project to be set up near Sundla-Surgani on Suil river?

स्वां चैनेलाइजेशन प्रोजैक्ट

*587 **श्री मुकेश अग्निहोत्री (हरोली):**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) स्वां चैनेलाइजेशन प्रोजैक्ट ऊना चरण-IV की स्वीकृति कब हुई और इसके लिए कितनी धनराशि स्वीकृत हुई है;

(ख) इस प्रोजैक्ट पर अब तक कितनी राशि व्यय हो चुकी है और इसके अन्तर्गत कौन-कौन सी खड्डें चैनेलाइज़ हुई;

(ग) केन्द्र सरकार से इसके रुके कार्य को दोबारा शुरू किए जाने बारे कब-कब पत्राचार किया गया; पत्राचार की प्रति सदन के पटल पर रखें; और

(घ) इस प्रोजैक्ट को कब तक पूरा कर लिया जाएगा; ब्यौरा दें?

Regularization of Encroached Government Land

***588 Sh. Rakesh Singha (Theog):**

Will the **Chief Minister** be pleased to state whether the Government proposes to provide relief to farmers who have applied for regularisation of encroached Government land before 15th August, 2002 under the Provision of Section 163-A of the H.P. Land Revenue Act, 1953?

वर्षा से नुकसान

***589 श्री विनय कुमार (श्री रेणुकाजी):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) इस वर्ष हुई वर्षा से सिरमौर जिले में पेयजल योजनाओं, सड़कों, निजी भूमि और रिहायशी मकानों को कितना नुकसान हुआ है; और

(ख) नुकसान की पूर्ति हेतु सरकार ने कितनी धनराशि आबंटित की है; विभागवार ब्यौरा दें?

Transfers of Teachers

***590 Sh. Nand Lal (Rampur):**

Will the **Education Minister** be pleased to state :-

(a) during the last 6 months, how many Principals, PGTs, TGTs and JBTs of Government Schools have been transfered in the Rampur Assembly Constituency; and

(b) how many were posted against the above transfers; details be given?

Shimla : 171004. **Yash Paul Sharma,**

Dated: 3rd August, 2018. **Secretary.**